>

Title: Need to develop and conserve the birth place o f Bundela Veer Maharaja Chhatrasal Maharaj in Tikamgarh, Madhya Pradesh.

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): जतारा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दरियापुरा (विकास खण्ड पलेरा) टीकमगढ़, मध्य प्रदेश में "मोर पहाड़ी" पर समूचे बुन्देलखण्ड क्षेत्र के गौरव बुंदेला वीर महाराजा छत्रसाल महाराज की जन्म स्थली स्थित है । महाराजा छत्रसाल महाराज की वीरता से सम्पूर्ण देशवासी परिचित हैं । उनकी जन्म स्थली पर कुछ अवशेष हैं । इस स्थान के ऐतिहासिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए यहां पर महाराजा छत्रसाल महाराज की विशाल मूर्ति, विशाल धरोहर भवन, संग्रहालय एवं प्रदर्शनी इत्यादि की व्यवस्था करवाकर इस ऐतिहासिक स्थल को और अधिक संरक्षित किये जाने की आवश्यकता है । "मोर पहाड़ी" गांव से पहाड़ी पर स्थित जन्म स्थल तक आने-जाने हेतु पहुंच मार्ग एवं सीढ़ी निर्माण कराए जाने की भी आवश्यकता है ।

साथ ही इनके जन्मोत्सव के समय प्रतिवर्ष यहां पर एक राष्ट्रीय स्तर का महोत्सव आयोजित कराने तथा इस ऐतिहासिक स्थान को संरक्षित कर पुरातत्व विभाग में सम्मिलित किया जाए ताकि समूचे देश में गौरव बुंदेला वीर महाराजा छत्रसाल महाराज की जन्म स्थली का ऐतिहासिक महत्व और अधिक बढ़ सके ।